दिन– मंगलवार दिनांक– 24 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्र सरकार ने पीएम उषा अभियान के तहत पटना विश्वविद्यालय और ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को शोध विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान किया।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गन्ना की खरीद मूल्य में बीस रूपये प्रति क्विंटल बढ़ोतरी की घोषणा की।

03. राज्य सरकार ने कहा– प्रदेश में नक्सली हिंसा में बहत्तर प्रतिशत तक की कमी आयी। उत्तर बिहार पूरी तरह हुआ नक्सल मुक्त।

04. और, आज राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस है। इस अवसर पर उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रदेशभर में कई कार्यक्रमों का किया जा रहा है आयोजन।

————————————————————

केन्द्र सरकार ने पीएम उषा अभियान के तहत पटना विश्वविद्यालय और ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को शोध विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान किया है। इस संबंध में शिक्षा मंत्रालय ने बिहार उच्चतर शिक्षा परिषद को स्वीकृति पत्र भेज दिया है। ब्यौरा हमारी संवाददाता से..

———बाईट———

शोध विश्वविद्यालय का दर्जा मिलने से इन विश्वविद्यालयों में अनुसंधान कार्य को और बढ़ावा मिलेगा। इसके तहत इन दोनों विश्वविद्यालयों को सौ–सौ करोड़ रुपये दिये जाएंगे। इस राशि से बुनियादी ढांचे, शोध सुविधाएं, आधुनिक लैब उपकरण और स्मार्ट क्लास समेत अन्य शैक्षणिक गतिविधियों–कार्यक्रमों को बढ़ाने में सहयोग मिलेगा। वहीं, राज्य के तीन विश्वविद्यालयों भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा, जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा और नालंदा खुला विश्वविद्यालय को पठन–पाठन से जुड़े आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए बीस–बीस करोड़ दिय जायेंगे। इसके अलावा राज्य के पन्द्रह महाविद्यालयों को आधारभूत संरचना के विकास के लिए पांच–पांच करोड़ रुपये दिये जाने की स्वीकृति दी गयी है।

आकाशवाणी समाचार के लिये पटना से डॉ सविता पारीक

————————————————————

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के मानदंडों को पूरा नहीं करने वाले राज्य के चार हजार नौ सौ पन्द्रह निजी स्कूलों की मान्यता रद्द की जाएगी। आरटीई के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले इन स्कूलों पर शिक्षा मंत्रालय ने कार्रवाई का आदेश दिया है। इनका यू– डायस कोड रद्द होगा। मंत्रालय ने राज्य सरकारों को अगले वर्ष इकतीस मार्च तक कार्रवाई की रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिये हैं।

————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गन्ना की खरीद मूल्य में बीस रूपये प्रति क्विंटल बढ़ोतरी की घोषणा की है। प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने पश्चिम चम्पारण के बगहा में यह घोषणा की। उन्होंने इस संबंध में गन्ना उद्योग विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने पहले ही इस सीजन में गन्ना की खरीद मूल्य में दस रूपये प्रति क्विंटल बढ़ोतरी की घोषणा की थी। अब किसान उत्तम प्रभेद का गन्ना तीन सौ पचासी रूपये प्रति क्विंटल, सामान्य प्रभेद का तीन सौ पैंसठ रूपये और निम्न प्रभेद का गन्ना तीन सौ तीस रूपये प्रति क्विंटल की दर पर बेच सकेंगे।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज अपनी प्रगति यात्रा के तहत पूर्वी चम्पारण जिले का दौरा करेंगे। मुख्यमंत्री केसरिया के सुन्दरापुर और सुगौली के उत्तरी सुगांव जायेंगे। इस दौरान वे लगभग तीन सौ करोड़ रूपये लागत वाली अड़तालीस योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री का स्थानीय लोगों के साथ संवाद का भी कार्यक्रम है। बाद में वे मोतिहारी में अधिकारियों के साथ विभिन्न योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा करेंगे।

———————————————————

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार जायसवाल ने स्पष्ट किया है कि अगले साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही चुनाव लड़ेगा। हरियाणा के सूरज कुंड में आयोजित बिहार भाजपा की दो दिवसीय कोर कमेटी की बैठक के दौरान लिया गया यह निर्णय गठबंधन की वर्तमान नेतृत्व रूपरेखा के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। श्री जायसवाल ने कहा कि राज्य स्तर पर नीतीश कुमार और राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एनडीए का चेहरा बने रहेंगे।

———————————————————

प्रदेश में नक्सली हिंसा में पिछले पांच वर्षों में बहत्तर प्रतिशत तक की कमी आयी है। एसटीएफ के एडीजी अमृत राज ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उत्तर बिहार पूरी तरह वामपंथी उग्रवाद से मुक्त हो गया है। राज्य के आठ जिले ही अब नक्सल प्रभावित हैं। एडीजी ने कहा कि अगले वर्ष राज्य को पूरी तरह नक्सल मुक्त कर लिया जायेगा।

———बाईट———

———————————————————

कृषि विभाग ने खेतों में पराली जलाने वाले नौ सौ सोलह किसानों की पहचान कर उन्हें विभागीय सुविधाओं से वंचित कर दिया है। इन किसानों को अगले तीन वर्षों तक किसी भी प्रकार का विभागीय अनुदान नहीं मिलेगा। इनमें सबसे अधिक तीन सौ चौंतीस किसान बक्सर जिले के हैं। रोहतास जिले के तीन सौ सैंतीस, कैमूर के एक सौ चौरानवे और नालंदा जिले के एक सौ उन्नीस किसानों को पराली जलाने का दोषी पाया गया है।

———————————————————————

बीपीएससी की सत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा के दौरान पटना के बापू परीक्षा परिसर में हंगामा करने के आरोप में पुलिस ने दो और छात्रों को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले में पहले ही एक छात्र को गिरफ्तार कर चुकी है। इधर, परीक्षा रद्द करने की अफवाह उड़ाने वालों पर भी पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है।

———————————————————————

आज राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस है। हर साल चौबीस दिसंबर को मनाया जाने वाला यह दिवस प्रत्येक उपभोक्ता के अधिकार और उत्तरदायित्व के महत्व को रेखांकित करता है। इस अवसर पर केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी नई दिल्ली में आयोजित समारोह की अध्यक्षता करेंगे। वे उपभोक्ता अधिकारों के संरक्षण के लिए कई पहलों का शुभारंभ करेंगे। एक रिपोर्ट

———बाईट———

मंत्रालय ने कहा है कि इस दौरान ई—मैप पोर्टल, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्प लाइन 2.0, जागो ग्राहक ऐप, जागृति ऐप और जागृति डैश बोर्ड का शुभारंभ किया जाएगा। इन अनुप्रयोगों का उद्देश्य धोखाधड़ी और जालसाजी की गतिविधियों से उपभोक्ताओं की सुरक्षा करना है। कार्यक्रम के दौरान 13 प्रमुख ई—कॉमर्स कंपनियां उपभोक्ता सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संकल्प पत्र पर हस्ताक्षर करेंगी। इस वर्ष राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस का विषय डिजिटलीकरण और वर्चुअल तरीके से न्याय प्रदान करना है।

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपभोक्ता संरक्षण विभाग की मंत्री लेशी सिंह ने अपने संदेश में उपभोक्ताओं से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की अपील की है। इस अवसर पर पटना में राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्‌घाटन विभागीय मंत्री लेशी सिंह करेंगी। वहीं, उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए राज्यभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण विभाग के प्रधान सचिव डॉक्टर एन. सरवन कुमार ने आकाशवाणी से बातचीत में उपभोक्ताओं से किसी भी सामान की खरीद करने पर रसीद लेने की अपील की है।

———बाईट———

डॉक्टर कुमार ने कहा कि उपभोक्ता किसी भी प्रकार की शिकायत और सहायता के लिए हेल्पलाईन नम्बर– एक नौ एक पांच पर सम्पर्क कर सकते हैं।

———बाईट———

———————————————————————————

हिन्दी फिल्मों के सुप्रसिद्ध निर्देशक श्याम बेनेगल का कल लम्बी बीमारी के बाद नब्बे वर्ष की आयु में निधन हो गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत कई गणमान्य लोगों ने श्याम बेनेगल के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

एक श्रद्धांजलि––

———बाईट———

———————————————————————————

प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में उतार चढ़ाव का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान तेईस शहरों के न्यूनतम तापमान और छब्बीस शहरों के अधिकतम तापमान में आंशिक रूप से गिरावट आयी है। मौसम विभाग ने कहा है कि कल से अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की सम्भावना है। वहीं, सत्ताईस दिसम्बर को पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से कैमूर, रोहतास, बक्सर, भोजपुर और औरंगाबाद सहित राज्य के दक्षिण–पश्चिमी हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है।

———————————————————————————

पटना के आयकर गोलम्बर के पास पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक कार से सत्तर लाख रूपये बरामद किये हैं। वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्र ने बताया कि बरामद रूपये की जांच आयकर विभाग ने शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि बरामद रूपये पटना के एक व्यापारी का है, जिससे पूछताछ की जा रही है।

———————————————————————————

कटिहार पुलिस और एसटीएफ की टीम ने दो लाख रूपये के ईनामी अपराधी संजय ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————————

बेगूसराय जिले के खोदावंदपुर थाना क्षेत्र के धर्मपुर गाछी के पास से पुलिस ने एक सौ पांच किलो गांजा बीस हजार रुपये के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर खगड़िया के रहने वाले हैं।

———————————————————————————

ओडिशा के कटक में खेले जा रहे विजय मर्चेंट ट्रॉफी प्लेट–ग्रुप मैच में बिहार की टीम नगालैंड के खिलाफ मजबूत स्थिति में पहुंच गयी है। बिहार ने पहली पारी में तीन सौ छियासी रन बनाये। इसके जवाब में नगालैंड की पहली पारी एक सौ इक्कीस रन पर सिमट गयी। फॉलोऑन खेलते हुये नगालैंड ने उनतालीस ओवर में दो विकेट गंवा दिये हैं।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है– प्रगति यात्रा में बचे विकास कार्यों को मिलेगी गति।

प्रभात खबर ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है– आप वोट चाहे जिसे दें, हम सब के लिए कर रहे हैं काम।

दैनिक जागरण ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है– पानी ही नहीं अब धान, गेहूँ और आलू में भी मिल रहा है आर्सेनिक।

दैनिक भास्कर की प्रमुख खबर है– नक्सलियों का प्रभाव घटा, अब राज्य के आठ जिले ही प्रभावित।

राष्ट्रीय सहारा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हवाले से लिखा है– युवाओं की क्षमता और प्रतिभा का उपयोग करना प्राथमिकता, दी दस लाख नौकरी।

आज अखबार समेत सभी समाचार पत्रों ने मशहूर फिल्म निदेशक श्याम बेनेगल के निधन की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केन्द्र सरकार ने पीएम उषा अभियान के तहत पटना विश्वविद्यालय और ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को शोध विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान किया।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गन्ना की खरीद मूल्य में बीस रूपये प्रति क्विंटल बढ़ोतरी की घोषणा की।

03. राज्य सरकार ने कहा– प्रदेश में नक्सली हिंसा में बहत्तर प्रतिशत तक की कमी आयी। उत्तर बिहार पूरी तरह हुआ नक्सल मुक्त।

04. और, आज राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस है। इस अवसर पर उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रदेशभर में कई कार्यक्रमों का किया जा रहा है आयोजन।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।